**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 218**
**दिनांक 03 अगस्त, 2023**

**एलपीजी के मूल्य में वृद्धि**

***218. श्री ए. गणेशमूर्ति :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद एलपीजी के खुदरा मूल्य में आवधिक वृद्धि किए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या एलपीजी के मूल्य में आवधिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत राजसहायता घटक में वृद्धि किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में विगत पांच वर्षों के दौरान जमा राशि-मुक्त प्रदान किए गए एलपीजी कनेक्शनों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(घ) देश में अब तक पीएमयूवाई के दूसरे चरण के अंतर्गत राज्य-वार कुल कितने एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री**
**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

(क) से (ड.): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**‘एलपीजी के मूल्य में वृद्धि’ के बारे में संसद सदस्य श्री ए. गणेशमूर्ति द्वारा दिनांक 03.08.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 218 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) से (घ) भारत अपनी घरेलू एलपीजी खपत के 60% से अधिक का आयात करता है। देश में एलपीजी के मूल्य, एलपीजी मूल्य निर्धारण हेतु अन्तरराष्ट्रीय बेंचमार्क, सऊदी संविदा मूल्य (सीपी) पर आधारित होते हैं। वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान, औसत सऊदी सीपी मूल्य 415 अमरीकी डॉलर प्रति एमटी से बढ़कर 712 अमरीकी डॉलर प्रति एमटी हो गया है। तथापि, अन्तरराष्ट्रीय मूल्यों में हुई वृद्धि को खुदरा मूल्यों पर पूरी तरह से नहीं डाला गया जिसके चलते तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसीज) को घरेलू एलपीजी के बिक्री पर लगभग 28,000 करोड़ रुपये की अल्प-वसूली हुई। इसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में ओएमसीज़ को 22,000 करोड़ रुपए के एकबारगी मुआवजा अनुमोदित किया था। वर्ष 2020 में कोविड महामारी के दौरान, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अन्तर्गत सरकार ने पीएमयूवाई परिवारों को लगभग 14.17 करोड़ निःशुल्क एलपीजी रीफिल भी उपलब्ध करवाए थे।

6 जुलाई, 2022 से घरेलू एलपीजी सिलेंडर का मूल्य (दिल्ली में) 1053/- रुपए था और जुलाई, 2023 में 1103/- रुपए है। पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 200/- रुपए प्रति सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के बाद प्रभावी मूल्य 903/- रुपए है।

एलपीजी के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल) के अन्तर्गत, यथालागू राजसहायता पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा कर दी जाती है। इसके अलावा, दिनाँक 21 मई, 2022 से वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के लिए, सरकार ने प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों के लिए 12 रीफिल प्रति वर्ष 200 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता शुरू की है।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अन्तर्गत प्रदान किए गए कनेक्शनों की संख्या का राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

पीएमयूवाई चरण-2 (उज्ज्वला 2.0) के अन्तर्गत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का राज्य/संघ शासित प्रदेश-वार विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

अनुलग्नक-I

"एलपीजी के मूल्य में वृद्धि" के संबंध में श्री ए. गणेशमूर्ति द्वारा दिनांक 03 अगस्त, 2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 218 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत पांच वर्षों के दौरान प्रधान मंत्री उज्जवला योजना (पीएमयूवाई) के तहत दिए गए कनेक्शनों की संख्या का राज्य-वार विवरण ।

| राज्य/संघ शासित प्रदेश | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 6,178 | 4,547 | - | 811 | 46 |
| आंध्र प्रदेश | 2,62,554 | 49,262 | - | 25,222 | 95,643 |
| अरुणाचल प्रदेश | 32,953 | 5,384 | - | 3,457 | 1,435 |
| असम | 17,07,801 | 6,48,961 | - | 5,11,073 | 4,36,663 |
| बिहार | 29,81,636 | 6,43,107 | - | 16,13,210 | 6,44,405 |
| चंडीगढ़ | 88 | - | - | 5 | 567 |
| छत्तीसगढ | 7,40,584 | 2,96,736 | - | 3,73,735 | 1,41,558 |
| दादरा और नगर हवेली | 2,671 | 639 | - | 39 | 14 |
| दमन और दीव | 219 | 5 | - | | |
| दिल्ली | 73,120 | 3,058 | - | 22,638 | 43,423 |
| गोवा | 88 | 10 | - | - | 184 |
| गुजरात | 12,52,052 | 3,79,993 | - | 5,40,537 | 4,06,249 |
| हरियाणा | 3,23,344 | 50,472 | - | 13,675 | 29,077 |
| हिमाचल प्रदेश | 83,177 | 23,048 | - | 2,058 | 2,520 |
| जम्मू और कश्मीर | 6,72,453 | 1,88,317 | - | 9,415 | 7,219 |
| झारखंड | 17,01,032 | 3,56,981 | - | 2,19,486 | 1,72,600 |
| कर्नाटक | 19,13,808 | 3,23,478 | - | 3,28,275 | 2,92,063 |
| केरल | 1,71,530 | 46,379 | - | 44,456 | 40,751 |
| ल ाख | 7,645 | 745 | | 28 | - |
| लक्षद्वीप | 156 | - | - | 10 | 7 |
| मध्य प्रदेश | 31,30,613 | 7,08,815 | - | 7,95,859 | 2,91,219 |
| महाराष्ट्र | 21,86,426 | 3,64,878 | - | 2,81,997 | 1,94,182 |
| मणिपुर | 97,760 | 26,221 | - | 22,025 | 23,639 |
| मेघालय | 1,03,467 | 10,433 | - | 22,628 | 41,787 |
| मिजोरम | 24,879 | 2,337 | - | 1,523 | 3,950 |
| नगालैंड | 40,177 | 5,738 | - | 21,977 | 14,697 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ओडिशा | 19,25,954 | 5,14,096 | - | 4,55,549 | 1,33,672 |
| पुड्चेरी | 11,568 | 203 | - | 655 | 615 |
| पंजाब | 8,26,611 | 15,256 | - | 17,132 | 48,451 |
| राज थान | 30,69,891 | 6,73,000 | - | 2,64,503 | 3,09,651 |
| सिि म | 7,111 | 954 | - | 3,707 | 1,338 |
| तमिलनाडु | 21,22,977 | 1,00,374 | - | 2,14,225 | 2,54,811 |
| तेलंगाना | 9,23,800 | 1,48,480 | - | 40,198 | 41,757 |
| त्रिपुरा | 1,92,014 | 33,495 | - | 5,827 | 11,599 |
| उत्तर प्रदेश | 64,76,981 | 17,93,397 | - | 20,00,914 | 7,95,230 |
| उत्तराखंड | 2,15,481 | 51,645 | - | 46,778 | 46,795 |
| पि म बंगाल | 30,05,534 | 7,94,376 | - | 20,96,373 | 14,66,521 |

स्रोतः आईओसीएल

"एलपीजी के मूल्य में वृद्धि" के संबंध में श्री ए. गणेशमूर्ति द्वारा दिनांक 03 अगस्त, 2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 218 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमयूवाई फेस-2 (उज्जवला 2.0) के तहत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का राज्य/संघ शासित प्रदेश-वार विवरण

| राज्य/संघ शासित प्रदेश | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 811 | 46 |
| आंध्र प्रदेश | 25222 | 95672 |
| अरुणाचल प्रदेश | 3457 | 1514 |
| असम | 511073 | 424243 |
| बिहार | 1613210 | 639296 |
| चंडीगढ़ | 5 | 569 |
| छत्तीसगढ | 373735 | 144003 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 39 | 14 |
| दिल्ली | 22638 | 43594 |
| गोवा | 0 | 141 |
| गुजरात | 540537 | 406881 |
| हरियाणा | 13675 | 29097 |
| हिमाचल प्रदेश | 2058 | 2525 |
| जम्मू और कश्मीर (लद्दाख सहित) | 9443 | 7111 |
| झारखंड | 219486 | 174072 |
| कर्नाटक | 328275 | 293751 |
| केरल | 44456 | 40802 |
| लक्षद्वीप | 10 | 14 |
| मध्य प्रदेश | 795859 | 292462 |
| महाराष्ट्र | 281997 | 194467 |
| मणिपुर | 22025 | 23691 |
| मेघालय | 22628 | 41847 |
| मिजोरम | 1523 | 3962 |
| नगालैंड | 21977 | 14956 |
| ओडिशा | 455549 | 137729 |
| पुडुचेरी | 655 | 616 |
| पंजाब | 17132 | 48514 |
| राजस्थान | 264503 | 310247 |
| सिक्किम | 3707 | 1341 |
| तमिलनाडु | 214225 | 257068 |
| तेलंगाना | 40198 | 41845 |
| त्रिपुरा | 5827 | 11673 |
| उत्तर प्रदेश | 2000914 | 798372 |
| उत्तराखंड | 46778 | 48157 |
| पश्चिम बंगाल | 2096373 | 1469708 |

स्रोतः आईओसीएल